**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए।
- फिक्की की ओर से आयोजित 'इंडिया स्पोटर्स अवॉर्ड 2025' में उत्तराखंड को सर्वश्रेष्ठ उभरते राज्य का खिताब मिलेगा।
- उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने राजकीय मेडिकल कॉलेजों में विभिन्न संकायों के 142 स्थाई असिस्टेंट प्रोफेसरों का परीक्षा परिणाम घोषित किया।
- पर्वतीय जिलों में स्वास्थ्य सेवाएँ सुदृढ़ करने के लिये स्वास्थ्य विभाग बनाएगा नई नीति; नए चिकित्सकों को पीजी से पहले पाँच वर्ष की अनिवार्य सेवा पर्वतीय और आवश्यक क्षेत्रों में देनी होगी।

**<u>सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक</u>**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सड़क दुर्घटनाएं कम करने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में उन्होंने अधिकारियों को दुर्घटना प्रभावित लोगों को आयुष्मान योजना के साथ अन्य अस्पतालों में भी कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने के लिये परिवहन और स्वास्थ्य विभाग को संयुक्त प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने सीमावर्ती और पर्वतीय क्षेत्रों में सघन चैकिंग, ओवरलोडिंग पर रोक, नियमित जागरूकता अभियान और आधुनिक तकनीक आधारित ट्रैफिक प्रबंधन पर जोर दिया। उन्होंने बस अड्डों की स्वच्छता और सुरक्षा, यातायात नियमों के उल्लंघन पर नियमित कार्रवाई और दुर्घटना स्थल से अस्पताल तक पहुंचाने के प्रतिक्रिया को को न्यूनतम रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि प्रभावित भीड़–भाड़ वाले क्षेत्रों में सड़क मरम्मत को प्राथमिकता दी जाए। चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर चौड़ीकरण के कार्य को तेजी से पूरा किया जाए। सभी जिलों में ट्रैफिक व्यवस्था को ऑटोमेटेड मोड में लागू करने और फर्स्ट रिस्पॉन्डर ट्रेनिंग प्रोग्राम नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश भी दिए।

**<u>इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड</u>**

फिक्की द्वारा आयोजित 'इंडिया स्पोटर्स अवॉर्ड 2025' में उत्तराखंड को सर्वश्रेष्ठ उभरते राज्य का खिताब मिलेगा। इस उपलब्धि पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने प्रदेशवासियों को बधाई दी और इसे राज्य में खेल विकास के प्रति किए गए निरंतर प्रयासों का परिणाम बताया।

खेल मंत्री ने कहा कि यह सम्मान प्रदेश की खेल नीतियों और खिलाड़ियों की मेहनत का प्रमाण है, जिसने उत्तराखंड की खेल छवि को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत बनाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी कदम उठाए गए, जिससे राज्य को नई पहचान मिली है। श्रीमती आर्या ने बताया कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन ने युवा प्रतिभाओं को उभरने का मौका दिया और प्रदेश में खेल संस्कृति को नई दिशा दी है। गौरतलब है कि इंडिया स्पोटर्स अवॉर्ड 2025 का आयोजन 21 नवंबर को नई दिल्ली में फिक्की फेडरेशन हाउस में होगा।

## औचक निरीक्षण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आईएसबीटी देहरादून का औचक निरीक्षण किया और परिसर में स्वच्छता व्यवस्था पर नाराज़गी जताई। उन्होंने स्वयं झाड़ू उठाकर सफाई की और अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि आईएसबीटी जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर सफाई को लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग और एमडीडीए को नियमित साफ–सफाई, यात्रियों की सुविधाओं में सुधार और पूरे परिसर में स्वच्छता से जुड़े सूचना–पट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छता व्यवस्था सुधार के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर तुरंत लागू करने को कहा।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने बस संचालन, टिकट काउंटर, प्रतीक्षालय, पेयजल, शौचालय, दुकानों और सुरक्षा व्यवस्थाओं की स्थिति देखी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में बड़ी संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु आते हैं, इसलिए बस अड्डों और परिवहन केंद्रों पर उच्च स्तरीय स्वच्छता सुनिश्चित करना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने यात्रियों से बातचीत कर सीधे फीडबैक लिया और उनके सुझाव मांगे। श्री धामी ने बताया कि राज्य में जल्द ही जनसहभागिता आधारित व्यापक स्वच्छता अभियान शुरू किया जाएगा।

उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि अगले निरीक्षण में आईएसबीटी की सभी व्यवस्थाएँ पूरी तरह दुरुस्त दिखनी चाहिए, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## परीक्षा परिणाम

उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने राजकीय मेडिकल कॉलेजों में विभिन्न संकायों के 142 स्थाई असिस्टेंट प्रोफेसरों का परीक्षा परिणाम विषयवार घोषित कर दिया है। चयनित अभ्यर्थियों को जल्द ही प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में पहली तैनाती दी जाएगी।

विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के निर्देश पर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने असिस्टेंट प्रोफेसर के 439 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए चयन बोर्ड को अधियाचन भेजा था। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चयन बोर्ड ने दो दर्जन से अधिक संकायों में विशेषज्ञ चिकित्सकों का चयन किया है।

इन नियुक्तियों से मेडिकल कॉलेजों में शिक्षण व प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ेगी और इससे छात्रों के साथ अस्पतालों में आने वाले मरीजों को बेहतर उपचार का लाभ मिलेगा।

## स्वास्थ्य विभाग–नई नीति

पर्वतीय जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए स्वास्थ्य विभाग नई नीति तैयार कर रहा है, जिसके अंतर्गत नए चिकित्सकों को स्नातकोत्तर अध्ययन शुरू करने से पहले पर्वतीय जिलों या आवश्यक क्षेत्रों में पाँच वर्ष अनिवार्य सेवा देनी होगी। नई नीति के तहत चिकित्सक पाँच वर्ष की सेवा पूरी करने के बाद ही सुपर स्पेशियलिटी में अध्ययन कर सकेंगे। राज्य की स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. सुनीता टम्टा ने नैनीताल जिला मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी।

महानिदेशक ने बताया कि जिन अस्पतालों में रोगियों की संख्या अधिक है, वहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती प्राथमिकता से होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य में लगभग 50 प्रतिशत विशेषज्ञों की कमी है, जिसे अगले पाँच वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य है। महानिदेशक टम्टा ने बताया कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा आयु 60 से बढ़ाकर 65 वर्ष करने की प्रक्रिया भी आगे बढ़ रही है, ताकि विशेषज्ञों की उपलब्धता बढ़ाई जा सके। उन्होंने बताया कि सभी 13 जिलों के जिला चिकित्सालयों में सीटी स्कैन, एक्स–रे और अल्ट्रासाउंड सेवाएँ उपलब्ध करा दी गई हैं।

**संबोधन**

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के निर्माण में डिप्लोमा इंजीनियरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सड़क, पुल, स्कूल, अस्पताल और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के विकास में इंजीनियरों का योगदान ग्रामीण जीवन को सीधे बेहतर बनाता है। देहरादून में ग्रामीण निर्माण विभाग के डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के दो दिवसीय नवम महाधिवेशन में सतपाल महाराज ने बताया कि राज्य में कम बसावट वाले क्षेत्रों को सड़क मार्ग से जोड़ने के लिये 'मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना' शुरू की गई है। इस योजना के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी ग्रामीण निर्माण विभाग के इंजीनियरों को दी गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी इंजीनियर अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए प्रदेश के विकास में अहम भूमिका निभाएंगे।

**कार्रवाई**

हरिद्वार स्थित ऋषिकुल आयुर्वेदिक महाविद्यालय में नशामुक्त भारत अभियान के दौरान छात्रों को एक्सपायरी डेट वाले चिप्स वितरित किए जाने की शिकायत पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने कार्रवाई की है। गौरतलब है कि जलपान में दिए गए पैकेटों में एक्सपायरी डेट के चिप्स पाए गए। शिकायत पर विभाग ने टीम बनाकर विक्रेता की दुकान पर छापेमारी की। जांच में दुकान संचालक ने स्वीकार किया कि गलती से 14 एक्सपायरी चिप्स के पैकेट कार्यक्रम के लिए भेजे गए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार जांच में दुकान से चिप्स के 15 एक्सपायरी पैकेट भी बरामद हुए। इन्हें कब्जे में ले लिया गया है और विक्रेता के खिलाफ निर्णायक अधिकारी की अदालत में मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

**एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...**

बिहार में नयी सरकार के गठन के समाचार को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। राष्ट्रीय सहारा लिखता है – नितीश कुमार आज चुने जाएंगे एनडीए विधायक दल के नेता, कल गाँधी मैदान में 10वीं बार मुख्यमंत्री लेंगे पद की शपथ। दैनिक जागरण लिखता है – नितीश आज करेंगे नयी सरकार के गठन का दावा।

प्रदेश में दुर्घटना से प्रभावित व्यक्तियों का आयुष्मान योजना से जोड़ने की खबर को भी सभी सभी समाचार पत्रों ने पहले पृष्ठ पर स्थान दिया है। दैनिक जागरण का शीर्षक है – राज्य में दुर्घटना प्रभावितों का कैशलेस उपचार। हिंदुस्तान समाचार पात्र लिखता है – निजी अस्पतालों में भी घायलों को फ्री इलाज।

दिल्ली बम धमाके में आरोपियों के उत्तराखंड से सम्बन्ध की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रकाशित किया है। अमर उजाला लिखता है – आरोपियों के उत्तराखंड से मिले सात कनेक्शन।